You
yesterday at 2:23 pm

समाचार जगत

जयपुर, मंगलवार 01 अक्टूबर 2019
www.samacharjagat.com

# महात्मा गांधी की 150वी जन्म जयंती पर होगा, रक्तदान शिविर का आयोजन

**केकड़ी (निसं)।** भारत विकास परिषद शाखा केकडी एवं राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वधान में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वी जन्म जयंती के उपलक्ष पर प्रातः 8 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में आलोक महाविद्यालय केकड़ी गुरुकुल महाविद्यालय निर्मला कोठारी महाविद्यालय सावर के स्वयंसेवी रक्तदाता भी रक्तदान करेंगे इसहेतु अब तक राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में 102 संकल्प पत्र भरे जा चुके हैं प्राचार्य डॉ रेनू ने बताया कि रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से कोई भी रक्तदाता रक्तदान कर सकता है राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ नीता चौहान ने बताया कि रक्तदान दाताओं के लिए जलपान फल इत्यादि की व्यवस्था महाविद्यालय परिसर में करी गई है। इसी प्रकार भारत विकास परिषद के रक्तदान शिविर प्रभारी पंकज होचन्दानी ने कहा कि रक्तदानदाताओ से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस पुनीत कार्य मे भाग ले और जरुतमन्दों को रक्त दान कर मानव जीवन को बचाया जाए।

Scanned by CamScanner

You
yesterday at 2:23 pm

2/10/19

# केकड़ी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगाई दौड़

भास्कर न्यूज़ | केकड़ी

राजकीय महाविद्यालय, केकड़ी के योजना मंच एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में "प्लास्टिक मुक्त केकड़ी दौड़" आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रेनु एवं सह आचार्य डॉ. अनिल कुमार दाधीच द्वारा हरी झंडी दिखाकर करवाया गया। इस अवसर पर खेल विभाग, स्काउट गाइड विभाग, कला, विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नारे लगाते हुए "प्लास्टिक मुक्त केकड़ी" का संदेश प्रसारित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनिता रायसिंघानी एवं डॉ. नीता चौहान द्वारा केकड़ी को प्लास्टिक मुक्त करवाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष किशन प्रकाश सोनी, प्रकल्प प्रभारी रक्तदान पंकज होतचंदानी, काशीराम, सहसचिव पुष्पेन्द्र, घनश्याम नागौरिया एवं महाविद्यालय सह आचार्य राजेश नरूका एवं छात्रसंघ अध्यक्ष नन्दलाल खटीक सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। तालुका विधिक सेवा समिति के द्वारा महिला जन अधिकार समिति के तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। इसके तहत 6 सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम पॉलिथीन बैग कप प्लेट विशेष प्रकार के पाउच उपयोग में लेने के बाद फेंक दिए जाते हैं ऐसे आइटम पर पूर्णतया रोक लगाई जानी है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक नरेंद्र मीणा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या दो सुनीता मीणा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन धाभाई अधिवक्ता नवलकिशोर पारीक, हेमंत जैन, दशरथ सिंह कांदलोत, नितिन जैन, रामसिंह राठौड़, हनुमान प्रसाद, कमल भाटी, रणजीत सिंह केशावत, महावीर प्रसाद बैरवा आदि मौजूद थे।

1:22

Scanned by CamScanner

You

yesterday at 2:29 pm

रक्तदान शिविर 2/10/19




0:05

Scanned by CamScanner


You
yesterday at 2:29 pm

रक्तदान शिविर - 2/10/19




Scanned by CamScanner

रक्तदान शिविर - 2/10/19



Scanned by CamScanner

yesterday at 2:29 pm

सर्वधर्म समाज प्रार्थना - 2.10.19




Scanned by CamScanner

You
yesterday at 2:29 pm

प्लास्टिक मुक्त दौड़ 2/10/19




Scanned by CamScanner

चार्ट व पेंटिंग प्रतियोगिता - 3/10/19



Scanned by CamScanner

# अध्ययन के साथ-साथ सह शैक्षिक गतिविधियां सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक : डॉ. रेनु

3/10/19



## राजकीय महाविद्यालय में पेन्टिंग व निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न

(सीमा संदेश संवाददाता)

**केकड़ी।** राजकीय महाविद्यालयए केकड़ी में महात्मा गांधी की 150 वीं जयंति के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के क्रम में गुरुवार को चार्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता तथा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मण्डल में राजेश नरूका, प्रीति अग्रवाल व चतरा राम गोदारा थे।

प्राचार्य डॉ. रेनु ने परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि अध्ययन के साथ-साथ सह शैक्षिक गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। चार्ट व पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नाजिया बानों व द्वितीय स्थान पर तुलसी साहू एवं तृतीय स्थान पर रचना बैरवा रही। इसी तरह निबन्ध प्रतियोगिता में अजय कुमार मीणा प्रथम, गौरव जैन द्वितीय एवं मोमराज सैनी तृतीय स्थान पर रहें।

कार्यक्रम में सह आचार्य डॉ. अनिल कुमार दाधीच, डॉ. पीयूष कुमार गुप्ता, राज कुमावत, राजेश मेघवंशी इत्यादि ने भी सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. नीता चौहान ने बताया कि 4 अक्टूबर को मैं हूं गांधी पर आशुभाषण एवं 5 अक्टूबर को संगोष्ठी 'वर्तमान समय में गांधी की प्रासांगिता' का भी आयोजन किया जायेगा।

Scanned by CamScanner

समाचार जगत

3/10/19

जयपुर, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2019
www.samacharjagat.com

# चार्ट व पेंटिंग की प्रतियोगिता हुई आयोजित

**केकड़ी (निसं.)।** राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के क्रम में गुरुवार को चार्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में राजेश नरूका, प्रीति अग्रवाल, चतराराम गोदारा मौजूद रहे। प्राचार्य रेणु ने परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि अध्ययन के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधियां छात्र के चौमुखी विकास के लिए अति उत्तम है चार्ट व पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नाजिया बानो व द्वितीय स्थान पर तुलसी साहू एवं तृतीय स्थान पर रचना बैरवा रही। इस तरह निबंध प्रतियोगिता में अजय कुमार मीणा प्रथम, गौरव जैन द्वितीय एवं राज सैनी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में सह आचार्य डॉ अनिल कुमार दाधीच, डॉ पीयूष कुमार गुप्ता, राज कुमायत, राजेश मेघवंशी का भी विशेष सहयोग रहा।



प्रतियोगिता संयोजक डॉ नीता चौहान ने बताया कि 4 अक्टूबर को 'मैं हूं गांधी' पर आशु भाषण एवं 5 अक्टूबर को संगोष्ठी (वर्तमान समय में गांधी की प्रसंगीता) का भी आयोजन किया जाएगा।

1:22

Scanned by CamScanner

yesterday at 2:29 pm

योग - प्राणायाम



0:35 0:19 0:05

Scanned by CamScanner

You

yesterday at 2:29 pm

मैं गांधी हूं प्रतियोगिता




Scanned by CamScanner

yesterday at 2:29 pm

संगोष्ठी - 5/10/19




Scanned by CamScanner

You

yesterday at 2:37 pm

7 सीमा सन्देश

संगोष्ठी 5/10/19

## ब्रीफ न्यूज़

# 'अपरिग्रह न्यासिता को अपनाने पर समाज में समानता की स्थापना की जा सकती है'

**केकड़ी (सीमा संदेश संवाददाता)।** राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महात्मा गांधी सप्ताह के अंतर्गत वर्तमान समय में गांधीजी की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.जी.सी. सुराणा ने कहा कि गांधी के अपरिग्रह न्यासिता को अपनाने पर समाज में समानता की स्थापना की जा सकती है उन्होंने विद्यार्थी जीवन में



गांधी के विचारों को अपनाने पर बल दिया और परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प करवाया मुख्य वक्ता डॉ. विनय कुमार शर्मा ने गांधी दर्शन की विवेचना करते हुए वर्तमान समय में उपादेयता को व्यापक रूप से प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि हिंसा की प्रतिक्रिया हिंसा से नहीं अपितु अहिंसा से की जानी चाहिए तभी शांति स्थापित हो सकती है गांधी को जीवन में आत्मसात करने पर छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान मिल सकता है। छात्र मोम राज सैनी ने सत्य-अहिंसा, गौरव जैन ने समतामूलक समाज और रोहित ने स्वच्छता को जीवन में अपनाने की बात कही। प्राचार्य डॉ. रेनू ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों से गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. नीता चौहान ने राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रासंगिता पर प्रकाश डालते हुए इसकी उपयोगिता बताई।

Scanned by CamScanner

You

yesterday at 2:29 pm

महात्मा गांधी सप्ताह - समापन समारोह ९/१०/१९



Scanned by CamScanner

You

yesterday at 2:29 pm

समापन समारोह 9/10/19




Scanned by CamScanner